दिनांक : 12/09/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार:-

- 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा।
- इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल यात्री परिवहन विजन समिट-2026 का शुभारंभ किया।
- महिला एशिया कप के फाइनल में कल भारत का श्रीलंका से होगा।
- प्रदेश में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन, आपसी सहमति से होगा मामलों का निराकरण।

18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा। दो दिवसीय सम्मेलन में सदस्य देशों के नेता वैश्विक शासन व्यवस्था, बहुपक्षवाद, व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा और स्वास्थ्य सहित कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण" थीम पर हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इंडोनेशिया और ईरान के राष्ट्रपति सहित कई देशों के नेता इसमें भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी सम्मेलन से इतर विभिन्न देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

ब्रिक्स बिजनेस फोरम-पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता का विषय मजबूती, इनोवेशन, सहयोग और सस्टेनेबिलिटी के लिए निर्माण है। कल नई दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम के लीडर्स सेशन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने इस मंत्र को अपनी आर्थिक और व्यापारिक नीतियों का आधार बनाया है। इस वर्ष ब्रिक्स के 20 वर्ष पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2006 में चार देशों से शुरू हुआ यह समूह अब सदस्य और साझेदार देशों को मिलाकर 21 देशों का परिवार बन चुका है, जो दुनिया की 50 प्रतिशत आबादी, 40 प्रतिशत जीडीपी और 25 प्रतिशत से अधिक व्यापार का प्रतिनिधित्व करता है।

ब्रिक्स बाजार

इस अवसर पर सजे ब्रिक्स बाजार में धार जिले की विश्व प्रसिद्ध बाग प्रिंट विदेशी प्रतिनिधियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्राकृतिक रंगों और लकड़ी के नक्काशीदार ब्लॉक्स से तैयार इस पारंपरिक कला का यहां जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है। विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने बाग प्रिंट की प्रक्रिया को करीब से देखा और स्वयं लकड़ी के ठप्पों से कपड़े पर प्रिंट लगाकर इसकी बारीकियां जानीं।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' के अंतर्गत यात्री परिवहन विजन समिट-2026 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुगम, सुरक्षित और आधुनिक यात्री परिवहन व्यवस्था विकसित की जा रही है। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा 25 सितंबर से शुरू होगी। इसे देश की बेहतरीन सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का मॉडल बनाने का लक्ष्य है। पेश है रिपोर्ट......

इस अवसर पर मध्यप्रदेश मोबिलिटी इनोवेशन चैलेंज-2026 की भी पहल की गई है, जिसमें एआई, डेटा आधारित शासन, यात्री सुरक्षा और ग्रीन मोबिलिटी से जुड़े नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना-सात वर्ष

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के आज सात वर्ष पूरे हो गए हैं। छोटे और सीमांत किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना वर्ष 2019 में आज ही के दिन शुरू की गई थी। योजना के अंतर्गत छोटे और सीमांत किसानों को 60 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद हर महीने कम से कम तीन हजार रुपये की पेंशन सुनिश्चित की गई है। इस पेंशन योजना का उद्देश्य किसानों को वृद्धावस्था में आर्थिक स्थिरता और सम्मान के साथ जीवन जीने में सहायता देना है, ताकि उनका जीवन अधिक सुरक्षित और शांतिपूर्ण हो।

याचिका खारिज-अवैध शिकार

प्रदेश में काले हिरण और चिंकारा के अवैध शिकार के मुख्य आरोपी सबाह अंतुले की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। एसटीएसएफ इंदौर, स्थानीय पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने किशनगंज में कार्रवाई कर करीब 65 किलोग्राम वन्यजीव मांस, एक देशी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस और तस्करी में इस्तेमाल टोयोटा इनोवा क्रिस्टा वाहन जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले में अब तक संगठित अंतरराज्यीय तस्कर गिरोह के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

राष्ट्रीय लोक अदालत

प्रदेश में आज राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें लंबित और राजीनामा योग्य मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। दतिया में जिला न्यायालय परिसर से प्रचार-प्रसार वाहन रवाना किया गया, जो शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को लोक अदालत की प्रक्रिया और लाभों की जानकारी देगा। विद्युत वितरण कंपनी के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभाग के 16 जिलों में बिजली चोरी और अन्य अनियमितताओं से जुड़े लंबित प्रकरणों का भी समझौते से निराकरण होगा। निर्धारित शर्तों के तहत प्री-लिटिगेशन मामलों में 30 प्रतिशत और अदालत में लंबित मामलों में 20 प्रतिशत सिविल दायित्व राशि पर छूट का प्रावधान है। निर्धारित अवधि के बाद लगने वाले ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इसमें नगर निगम से जुड़े संपत्ति कर और जल शुल्क के अधिभार में छूट का भी प्रावधान है।

गोटमार मेला-पांढुर्णा

पांढुर्णा जिले में कल शुक्रवार को करीब 300 वर्ष पुरानी परंपरा के तहत गोटमार मेले का आयोजन किया गया। जाम नदी के दोनों किनारों पर बसे पांढुर्णा और सावरगांव के लोगों के बीच पलाश के झंडे पर कब्जे को लेकर जमकर पथराव हुआ, जिसमें 1326 लोग घायल हुए और आठ गंभीर घायलों को नागपुर रेफर किया गया। घायलों के उपचार के लिए सात अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र, 44 डॉक्टर और 22 एंबुलेंस तैनात की गई थीं। मेले के दौरान सुरक्षा के लिए 700 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी की गई। शाम को पांढुर्णा पक्ष के युवक द्वारा पलाश का झंडा काटकर चंडी माता मंदिर ले जाने के साथ मेले का समापन हुआ।

क्रिकेट टी-20 एशिया कप

महिला एशिया कप क्रिकेट में दुबई में कल भारतीय टीम फाइनल में पिछले चौंपियन श्रीलंका से भिड़ेगी। श्रीलंका की टीम आज पाकिस्तान को चार विकेट से हराकर फाइनल में पहुंच गई। 131 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम ने 4 विकेट खोकर 8 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रीलंका ने 2024 के फाइनल में भारत को हराकर अपना पहला एशिया कप खिताब जीता था।

मौसम

प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। कल शुक्रवार को भोपाल, दमोह, टीकमगढ़, विदिशा समेत कई जिलों में बारिश हुई। भोपाल में तेज आंधी के साथ हुई बारिश से दृश्यता सौ मीटर से भी कम हो गई, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। वहीं, दमोह के निचले इलाकों में पानी भर गया। मौसम विभाग ने आज को प्रदेश के 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें उज्जैन, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, देवास, हरदा, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट और छतरपुर शामिल हैं।

समाचार संक्षेप में:-

- कटनी जिले में संचालित स्कूल बसों व अन्य वाहनों की सघन जांच में 8 की फिटनेस निरस्त कर 11 वाहन थाना बरही में खड़े कराए।
- मंडला जिले में न्यायालयों में लंबित और प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से त्वरित निराकरण के लिए आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- खंडवा जिले के हरसूद क्षेत्र के ग्राम चारखेड़ा स्थित तितली पार्क में आज रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।
- अशोकनगर के व्रत मुंगावली की टीम द्वारा निरंतर गस्त एवं दबिश दी गई। इस दौरान ग्राम सागर चक्क, ग्राम नईबसात, ग्राम मीरकाबाद में अवैध मदिरा की शिकायत पर चेकिंग की गई।
- मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने कल जिला पंचायत धार के सभा कक्ष में ''मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान- 2026'' के तहत आयोजित कार्यक्रम में संवाद किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 सितम्बर को आगरमालवा में लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बहनों को माह सितम्बर 2026 की राशि का वितरण तथा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।
- जबलपुर जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत संभागायुक्त धनंजय सिंह ने कल पाटन विकासखंड के कटंगी में विभिन्न शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया।
- वही झाबुआ में कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने कल मेघनगर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर आंगनवाड़ी, स्कूल एवं ग्राम पंचायत फतेहपुरा एवं आमलीपठार का निरीक्षण किया।
- इंदौर जिले में आज होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 81 खण्डपीठों का गठन किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा योग्य 8256 प्रकरण रखे जाएंगे।

-------------